RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 40 • 22:02:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

## किसान आंदोलन हुआ हिंसक

# 2 लोगों की मौत

### एक किसान, एक एसआई शामिल, पुलिस पर तलवार से हमला

**12 घायल, आंदोलन के नेता पंधेर-डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी**



**अंबाला/चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली जाने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों ही जगहों पर किसान और पुलिस के बीच टकराव चल रहा है। पुलिस रबड़ बुलेट और आंसू गैस के गोले छोड़कर किसानों को रोक रही है। इधर खनौरी बॉर्डर पर एक युवा किसान की मौत हो गई है। किसान पंजाब के बठिंडा का रहने वाला था। उसके अलावा 12 अन्य किसान भी घायल हैं, इनमें से दो की हालत गंभीर है। वहीं टोहाना बॉर्डर पर तैनात एसआई विजय कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया- किसान आंदोलन के दौरान कुछ लोगों ने धान की पराली में आग लगाकर और मिर्ची डाल दी। इसके बाद पुलिस पर हमला कर दिया। धुआं ज्यादा होने की वजह से काफी किसानों ने तलवार, भालों और गंडासों से पुलिस पर हमला किया। हमले में 12 पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शंभू बॉर्डर के पास किसानों पर रबर की गोली चलाए जाने के बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले फेंके गए। इससे विस्फोट हुआ। दरअसल, शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पंजाब के किसानों को तितर-बितर करने के लिए और दिल्ली आने से रोकने के लिए बैरिकेड्स बढ़ाने की कोशिश कर रही है। केएमएम के कोऑर्डिनेटर सरवण पंधेर को आंसू गैस का एक्सप्लोजर हुआ है, उन्हें प्रदर्शन स्थल से बाहर ले जाया गया है। आंदोलन के दूसरे बड़े नेता जगजीत डल्लेवाल को भी आंसू गैस की वजह से सांस लेने में प्रॉब्लम हुई है। उन्हें भी बाहर ले जाया गया है। इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने फिर से किसानों को बातचीत का न्योता भेजा।

# चंद्रयान-3 के बाद इसरो को फिर बड़ी सफलता

### अब गगनयान मिशन पर एजेंसी ने दे दी बड़ी खुशखबरी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन के बाद इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गगनयान मिशन की तैयारी में एक और बड़ी सफलता हासिल कर ली है। भारतीय स्पेस एजेंसी ने जानकारी दी है कि बुधवार को क्रायोजैनिक इंजन की टेस्टिंग पूरी हो गई है। खास बात है कि इसके जरिए इसरो भारतीय एस्ट्रोनॉट्स पर भेजने की तैयारी कर रहा है। इसरो ने जानकारी दी है कि सीई 20 क्रायोजैनिक इंजन अब गगनयान मिशन के लिए 'ह्यूमन रेटेड' है।

आगे जानकारी दी गई, कड़े परीक्षण के बाद इंजन की क्षमता का पता चला है...। खास बात है कि अब यह इंजन एमक्यू3 वाहन के ऊपरी चरण को ताकत देगा। इसरो के अनुसार, पहला मानवरहित गगनयान मिशन (जी1) 2024 के दूसरी तिमाही में पूरा हो सकता है। इसरो के मुताबिक, मानव रेटिंग मानकों के तहत सीई 20 इंजन को योग्य बनाने के लिए चार इंजनों को अलग-अलग हालात में 39 हॉट फायरिंग टेस्ट्स से गुजरना पड़ा। यह प्रक्रिया 8 हजार 810 सेकंड तक चली। खास बात है कि योग्यता हासिल करने के लिए इंजनों को 6 हजार 350 सेकंड तक इन टेस्ट्स से गुजरना जरूरी है।

गगनयान मिशन के तहत इसरो तीन सदस्यों के एक क्रू को तीन दिनों के मिशन के लिए 400 किमी के ऑर्बिट में पहुंचाने की तैयारी कर रहा है। साथ ही भारतीय समुद्री क्षेत्र में उनकी सुरक्षित लैंडिंग भी इसरो के मिशन का हिस्सा है। इस मिशन का नाम संस्कृत के शब्द पर रखा गया है, जिसका मतलब आसमान तक ले जाने वाले यान होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गगनयान प्रोजेक्ट में 9000 करोड़ रुपये का खर्च आ सकता है।

## दुनिया के टॉप टेन अमीरों में शामिल हुए मुकेश अंबानी

### नेटवर्थ 9.45 लाख करोड़ रुपए हुई, सर्गी ब्रिन को पीछे छोड़कर हासिल किया मुकाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के अनुसार मुकेश अंबानी की नेटवर्थ अब 114 बिलियन डॉलर (करीब 9.45 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। उन्होंने गूगल के को-फाउंडर सर्गी ब्रिन को पीछे छोड़कर टॉप 10 में जगह बनाई है। इस लिस्ट में फ्रांसीसी अरबपति और लुई वितॉ मोएट हेनेसी के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट टॉप पर हैं।

# यूपी में बन गई बात, मिलकर लड़ेंगे समाजवादी व कांग्रेस

### इंडिया अलायंस में सीटों का बंटवारा हो गया फाइनल, 17 पर लड़ेगी कांग्रेस

### सपा को मिलीं 63 सीटें, प्रियंका ने की मध्यस्थता, राहुल-अखिलेश ने की बात



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में इंडिया अलायंस फाइनल हो गया है। लंबी जद्दोजहद के बाद सपा और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर समझौता हो गया है। कांग्रेस 17 सीटों पर जबकि सपा 63 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सपा अपने कोटे से कुछ छोटे दलों को भी सीट दे सकती है। कांग्रेस की तरफ से यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और सपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी मीडिया के सामने आए और गठबंधन का ऐलान किया। यूपी में 7 साल बाद कांग्रेस और सपा दोबारा एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले 2017 में दोनों दल विधानसभा चुनाव में साथ आए थे।

## युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा तभी तो गुलाम रहेंगे

- **राहुल गांधी का बड़ा बयान, कहा-मोहब्बत की दुकान खोलनी है**

**कानपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले सभी राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर हमलावर हैं। बुधवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कानपुर पहुंची। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की यात्रा का भव्य स्वागत किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए आया हूं। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि सरकार चहती है कि आप लोगों को



रोजगार नहीं मिले, तभी आप उनके गुलाम बनकर रहेंगे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उन्नाव के रास्ते गंगापुल से कानपुर में प्रवेश किया। झाड़ी बाबा रास्ते से होते हुए, घंटाघर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत किया गया। राहुल गांधी ने घंटाघर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने 9 मिनट के संबोधन में सरकार से लेकर पूंजीपतियों पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए आया हूं। यह देश नफरत नहीं भाईचारा, मोहब्बत और दूसरों की मदद करने वाला है। नफरत का कारण पूछा तो पता चला कि यदि आप पिछड़े, दलित और आदिवासी हैं, तो आप कुछ भी करलो आप को न्याय नहीं मिलने वाला नहीं है। प्रशानिक अधिकारी, पुलिस और नेता भी आप का साथ नहीं देंगे। नफरत और गुस्से की वजह यही है। देश में पिछड़ों की संख्या 50 फीसदी है। देश की 90 फीसदी आबादी परेशान है। देश के पूंजीपतियों में एक भी दलित और आदिवासी नहीं हैं। हिंदुस्तान की प्रगति और विकास के लिए सबसे बड़ा कदम जातिगत गणना और आर्थिक सर्वेक्षण है। हिंदुस्तान में तीन प्रतिशत लोग राजा हैं। अंबानी, अडाणी और टाटा-बिरला जैसे लोग राज कर रहे हैं। रोजगार के नाम पर अभ्यार्थियों के पेपर लीक हो जाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि सरकारी नौकरियों में भर्ती नहीं हो रही हैं।

# शादी के बाद महिला को नौकरी से निकालना लैंगिक असमानता

**पूर्व आर्मी नर्स के पक्ष में एससी का फैसला, केंद्र को आदेश-60 लाख मुआवजा दें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता है। शादी करने की वजह से महिलाओं को नौकरी से निकाल देने वाले नियम असंवैधानिक और पितृसत्तात्मक हैं। ये नियम इंसानी गरिमा और निष्पक्ष व्यवहार के अधिकार को कमजोर करता है। दरअसल, आर्मी नर्स सेलिना जॉन को आर्मी नर्सिंग सर्विस ने शादी करने की वजह से नौकरी से निकाल दिया गया था। सेलिना को बर्खास्त किए जाने को सुप्रीम कोर्ट ने जेंडर भेदभाव और असमानता का बड़ा मामला' करार दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 60 लाख रुपए का मुआवजा याचिकाकर्ता सेलिना जॉन को देने का भी आदेश दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि ऐसे नियम असंवैधानिक हैं जिनके आधार पर महिला अधिकारियों को उनकी शादी की वजह से नौकरी से बर्खास्त किया जाए। मामला तीन दशक पुराना है, जब सेलिना जॉन को आर्मी नर्सिंग सर्विस के लिए चुना गया था और वह दिल्ली के आर्मी अस्पताल में बतौर ट्रेनी शामिल हुई थीं। उन्हें सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन दिया गया था। इस दौरान उन्होंने एक आर्मी ऑफीसर मेजर विनोद राघवन के साथ शादी कर ली। इसके बाद सेलिना को 1988 में रिलीज कर दिया गया। नर्सिंग सर्विस ने ये फैसला 1977 के आर्मी इंस्ट्रक्शन के आधार पर लिया था।



**लखीसराय भीषण सड़क हादसा**

# 9 छात्रों की मौत

- **पार्ट टाइम कैटरिंग का काम कर ऑटो से लौट रहे थे, ट्रक ने मारी टक्कर**

**लखीसराय (एजेंसी)।** लखीसराय में रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। 9 लोगों की मौत हुई है। 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को पटना एम्स रेफर कर दिया गया है। हादसे में 8 स्टूडेंट्स थे, जो पार्ट टाइम में कैटरिंग का काम करते थे। सभी की उम्र 18 से 24 साल के बीच थी। सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की भी मौत हो गई है। हादसा मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र के झुलौना गांव के पास एनएच-30 पर हुआ। टक्कर के बाद ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक की सदर अस्पताल में इलाज कराने के दौरान मौत हुई है। सभी मुंगेर जिले के जमालपुर के रहने वाले थे। सिकंदरा में कैटरिंग का काम खत्म कर लखीसराय रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। यहां से ट्रेन पकड़कर



अपने घर मुंगेर जाने वाले थे। सिकंदरा से लखीसराय रेलवे स्टेशन के लिए ऑटो रिजर्व किया था। बुधवार दोपहर 2 बजे 6 एंबुलेंस में आठ नौजवानों का शव गांव पहुंचा।

## जंग की तैयारी या जनता पर कंट्रोल

### अब चीन में कंपनियां भी बना रहीं सेना

### शी जिनपिंग का खतरनाक प्लान, दहशत में दुनिया

**पेइचिंग (एजेंसी)।** चीन के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है, जिसमें करीब 20 लाख जवान हैं। फिर भी इन दिनों चीन में एक अद्भुत बदलाव दिख रहा है। चीन की निजी कंपनियां भी अब अपनी सेनाएं बना रही हैं। वे अपने कर्मचारियों को हथियारों से लैस कर रही हैं और उन्हें सैन्य ट्रेनिंग भी दी जा रही है।



सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 16 बड़ी चीनी कंपनियों ने अपनी ही सेना तैयार कर ली है। इनमें से एक कंपनी डेयरी उत्पाद भी तैयार करती है। इन कंपनियों में सेना के गठन का काम करने के लिए अलग से एक विभाग का ही गठन कर लिया गया है। इस डिपार्टमेंट का नाम पीपल्स आर्म्ड फोर्सेज डिपार्टमेंट रखा गया है। जानकारी के मुताबिक इन निजी सैन्य टुकड़ियों को चीनी सेना के रिजर्व बल के तौर पर रखा जाएगा।

# आरोप साबित करें या परिणाम भुगतने को रहें तैयार, चेतावनी

**खालिस्तानी विवाद पर शुभेंदु अधिकारी ने दी चुनौती**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मामले को लेकर लगातार बवाल बढ़ रहा है। सिर्फ बीजेपी ही नहीं, बल्कि कांग्रेस भी ममता सरकार पर हमला बोल रही है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में एक सिख आईपीएस अधिकारी ने आरोप लगाया कि उन्हें विरोध प्रदर्शन के दौरान बीजेपी नेता ने खालिस्तानी कहा। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद अब पश्चिम बंगाल विधानसभा में बीजेपी के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पुलिस को चुनौती दी कि वह 24 घंटे के भीतर अपने आरोप को साबित करें अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें। आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह को शुभेंदु अधिकारी समेत बीजेपी विधायकों के एक ग्रुप से कहते हुए सुना गया,आप मुझे खालिस्तानी कह रहे हैं, क्योंकि मैंने पगड़ी पहन रखी है। क्या यही आपकी हिम्मत है। अगर कोई पुलिसकर्मी पगड़ी पहनकर ड्यूटी करता है तो वह खालिस्तानी हो जाता है। क्या यह आपका स्तर है। सिंह ने बीजेपी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, मैं आपके धर्म के बारे में कुछ



नहीं कह रहा हूं। आप भी मेरे बारे में कुछ नहीं कह सकते। क्या किसी ने आपके धर्म के बारे में कुछ कहा तो फिर आप ऐसा क्यों कर रहे हैं। इसके बाद विवाद तब और तेज हो गया जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीजेपी की विभाजनकारी राजनीति ने बेशर्मी से संवैधानिक सीमाओं को लांघ दिया है।

**ईरान ने बनाया 'समुद्र का साइबरट्रक', तनातनी के आसार**

### क्रूज और एंटी-शिप मिसाइलों से है लैस, अमेरिका के लिए खतरे की घंटी!

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने फारस की खाड़ी में दो नए युद्धपोतों को उतारा है। 600 टन के ये युद्धपोत क्रूज और एंटी–शिप मिसाइलों से लैस हैं। ईरानी नौसेना के ये नए युद्धपोत सुलेमानी सीरीज के हैं। इनका नाम ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के पूर्व प्रमुख जनरल कासिम सुलेमानी के नाम पर रखा गया है। सुलेमानी की 2020 में इराक के बगदाद में एक ड्रोन हमले में मौत हो गई थी। ईरान के इन नए जंगी जहाजों की क्षमता को देखते हुए इनको समुद्र का साइबरट्रक कहा जा रहा है। स्पुतनिक की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने विश्व स्तरीय युद्धपोत तैयार किए हैं। 65 मीटर लंबे युद्धपोत 45 समुद्री मील (52 मील प्रति घंटे) की गति से यात्रा कर सकते हैं और 700 किमी दूर लक्ष्य पर हमला करने में सक्षम हैं।

## 'एक देश एक चुनाव' की ओर बढ़ते कदम

- **जेपी नड्डा ने हाई लेवल कमेटी के सामने रखी राय, बताया क्यों जरूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व वाली हाई लेवल कमेटी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज हाई लेवल कमेटी के सामने हमने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपनी राय दी। हम सबने स्पष्ट रूप से कहा कि जो विभिन्न स्तरों पर चुनाव होता है उससे देश और प्रदेश में कहीं न कहीं आदर्श आचार संहिता लगा रहता है। ऐसे में प्रशासन और सुशासन पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। इसके साथ ही लोगों के हितों में काम करने की गति में रुकावट आती है। जेपी नड्डा ने कहा, अलग-अलग स्तर पर चुनाव होने से राजनीतिक दलों पर आर्थिक दबाव पड़ता है। यह स्थिति भ्रष्टाचार का कारण बनती है। इस पर विचार करने की जरूरत है। हमारी सिक्योरिटी फोर्स की तैनाती बॉर्डर पर होती है मगर चुनाव के चलते बार-बार उन्हें राज्यों में भेजना पड़ता है। चुनाव के लिए बड़ी संख्या में टीचर्स लगाए जाते हैं जिससे शिक्षा पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य कर्मियों को भी इलेक्शन ड्यूटी में लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी चीजों को ध्यान में रखकर हमने सिफारिस की है कि एक ही पहचान पत्र हो जो विधानसभा, लोकसभा, पंचायत चुनाव के लिए मान्य हो। एक साथ चुनाव भी होना चाहिए। हमें पूरा विश्वास है कि हाई लेवल कमेटी हमारी सिफारिस को सुनेगी।

# एनडीए की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का होगा पहला बिहार दौरा

## अमित शाह और राजनाथ सिंह भी आएंगे

**पटना, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार भाजपा ने अपनी तैयारी और तेज कर दी है। लोकसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा होने के पहले पार्टी के वरीय नेताओं का बिहार दौरा का कार्यक्रम तय हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मार्च के प्रथम सप्ताह में बिहार आएंगे। जबकि इस महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार आएंगे। इन नेताओं के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मार्च को बिहार आ सकते हैं। प्रधानमंत्री चंपारण में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे केंद्र सरकार की कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इसके पहले जनवरी-फरवरी महीने में प्रधानमंत्री के दौरे का दो कार्यक्रम स्थगित हो चुका है। अब नई तारीख तीन मार्च सामने आई है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी पटना आने वाले हैं। वे 5 मार्च को पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं इस महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार आएंगे। वे दो जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री का बिहार दौरा 28 फरवरी को हो सकता है। इस दिन वे सीतामढ़ी, छपरा, मधुबनी या दरभंगा में से किसी दो स्थानों पर जनसभा को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर पार्टी के स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। एक-दो दिनों में स्थान तय कर इसकी सूचना केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी जाएगी।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी एक दिनी दौरे पर बिहार आ रहे हैं। यूपी के डिप्टी सीएम 23 फरवरी को आने वाले हैं। शाहाबाद क्षेत्र में इनकी जनसभा होगी। वे पार्टी की ओर से आयोजित होने वाले संत रविदास समारोह में शामिल होंगे।



## लोकसभा चुनाव में फिर जीरो पर आउट होगी तेजस्वी यादव की आरजेडी : शाहनवाज हुसैन

**पटना, एजेंसी।** लोकसभा में एक भी सीट नहीं है और वे केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कर रहे हैं। जनता ने 2019 में जीरो पर आउट किया। 2024 में भी तेजस्वी की पार्टी को जीरो पर आउट होगी। 40 की 40 सीटें भाजपा व उसकी सहयोगी दलों को मिलेगी। नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। ये बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले के गोबरसही डुमरी स्थित एक रेस्तरां में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजद और तेजस्वी यादव का डीएनए बिहार की जनता अच्छी तरह जान चुकी है। कांग्रेस की भी हालत किस तरह बदहाल है, वह जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। वह जनता के विश्वास पर शत प्रतिशित खड़े उतरे हैं। यहां अब किसी के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। जन विश्वास के नाम पर सिर्फ भ्रमण होगा, तेजस्वी और राजद को यात्रा से कुछ हासिल होने वाला नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आधी रात को पड़ोस की लड़की के साथ पकड़ा गया बीपीएससी शिक्षक, लोगों ने करा दी शादी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बीपीएससी शिक्षक को अपनी प्रेमिका से मिलना भारी पड़ गया. ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में दोनों को पकड़ लिया और प्रेमी जोड़े की शादी करा दी. बीपीएससी शिक्षक आधी रात में छिपकर अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया. इसी दौरान दोनों को लोगों ने धर दबोचा. जिसके बाद उनकी शादी करा दी गई. बताया जा रहा है कि प्रेम-प्रसंग में रंगेहाथ पकड़ाने के बाद बीपीएससी शिक्षक को राजी-खुशी शादी करनी पड़ी, पूरा मामला औराई थाना क्षेत्र के भलूरा पंचायत के जगौगिला गांव का है. बता दें कि शिक्षक को स्थानीय लोगों ने प्रेमिका के कमरे से रात 12 बजे पकड़ लिया और शादी के लिए राजी कराया. मीनापुर थाना क्षेत्र के दही पट्टी के एक शिक्षक की नियुक्ति बीपीएससी द्वारा नवंबर में मध्य विद्यालय जोगलिया उर्दू में हुई थी. वहां शिक्षक किराए का मकान लेकर मां के साथ रह रहा था, इसी बीच पड़ोस की लड़की से उसे प्यार हो गया. दोनों चुपके-चुपके मिलते रहे, देर रात जब शिक्षक को प्रेमिका के कमरे में स्थानीय लोगों ने घुसते देखा तो उसे रंगे हाथों पकड़ कर शादी करा दी. शिक्षक ने बताया कि वह लड़की से प्रेम करता है. बिना किसी दबाव के उसने प्रेमिका से शादी रचाई है. उसके घर वाले भी विवाह से राजी हैं. ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक उक्त विद्यालय में शिक्षक की प्रेमिका की छोटी बहन पढ़ती थी, जिसके सहारे शिक्षक की युवती से पहचान हुई और फिर मोबाइल नंबर लेकर दोनों की बाते शुरू हो गई. धीरे धीरे बातचीत आगे बढ़ी तो दोनों के बीच दोस्ती हो गई, फिर दोस्ती प्यार में बदल गई.

### आज लगेगा जॉब कैंप :ऑन स्पॉट मिलेगी नौकरी, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नियोजनालय में आयोजित



**बेगूसराय, एजेंसी।** श्रम संसाधन विभाग के माध्यम से अधिक से अधिक बेरोजगारों को निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त श्रम भवन में प्रत्येक माह नियोजन कैंप लगाया जाता है। 22 फरवरी को नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यूनतम आठवीं पास रोजगार भी शामिल हो सकते हैं। उन्हें फ्लिपकार्ट से लेकर पेप्सी कंपनी तक में नौकरी मिल सकती है। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग बिहार के तत्वावधान में नियोजन-सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन जिला मुख्यालय के पन्हास आईटीआई कैंपस में स्थित संयुक्त श्रम भवन में 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। 11 नियोजकों के शामिल होने की संभावना

नियोजन मेला में निजी क्षेत्र के राज्य एवं राज्य के बाहर के करीब 11 नियोजकों के शामिल होने की संभावना है। जिनके द्वारा न्यूनतम 8 वीं पास से स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक एवं अन्य योग्यताधारी को इंटरव्यू के माध्यम से ऑन स्पॉट रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। इस नियोजन मेला नियोजक के रूप में प्रमुख रूप से फ्लीप कार्ट, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण बैंक, एडुवांटेज, आईसीआईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स, नवभारत फर्टिलाइजर, क्वीस कार्प, जीएस मोटर्स, फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस, अकार्यो इंडिया, केवायपी एलएफ एवं पेप्सी का वरुण वेवरेज इत्यादि नियोजक भाग ले रहे है।

### सन्हौला में 20 बोरा सरकारी चावल के साथ दो गिरफ्तार

**भागलपुर/सन्हौला।** सन्हौला पुलिस ने ऑटो पर 20 बोरा सरकारी अरवा चावल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सन्हौला थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक ऑटो पर सरकारी अरवा चावल बेचने के लिए सन्हौला की ओर जा रहा है।

# बिहार में स्कूलों की टाइमिंग में हुआ बदलाव

## सीएम की हिदायत के बाद शिक्षा विभाग ने जारी किया नया टाइम टेबल



**पटना, एजेंसी।** बिहार के सरकारी स्कूलों में अब सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कक्षाएं लगेंगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की. जिसके बाद शिक्षा विभाग ने मंगलवार देर शाम इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. अधिसूचना जारी होते ही सरकार का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. नई समयावधि में पढ़ाई की कुल आठ घंटियां होंगी. इस आशय का आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने जारी किया है.

### मिशन दक्ष की कक्षाओं में बदलाव नहीं

शिक्षा विभाग ने सभी राजकीय प्राथमिक / माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक स्कूलों के लिए केवल संशोधित टाइम टेबल ही जारी किया है. मंगलवार को जारी अधिसूचना में घंटियों की समयावधि के अलावा पहले से चली आ रही शेष स्कूली गतिविधियां को 28 नवंबर की अधिसूचना के तहत जारी रखने की बात कही है. घंटियों के अलावा शैक्षणिक गतिविधियों की टाइमिंग अभी तय होना बाकी है.

### शिक्षक की छुट्टी कब होगी ?

पिछले साल 28 नवंबर को शिक्षा विभाग ने स्कूलों की टाइमिंग को लेकर आदेश जारी किया था. उस आदेश के मुताबिक पीरियड खत्म होने के बाद मिशन दक्ष की कक्षाएं चलेंगी. इसके बाद आधा घंटा के बच्चों को छोड़ कर होम वर्क चेक किये जायेंगे. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह गतिविधियां अभी भी जारी रहेंगी. हालांकि उनका समय एक बार फिर निर्धारित हो सकता है. इस तरह शिक्षक की स्कूल से छुट्टी कब होगी, इसकी टाइमिंग अभी साफ नहीं है.

### मुख्यमंत्री ने विधानसभा में की थी घोषणा

इसके पहले सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ही ऐसा करने को कह दिया गया था. अब तक नहीं हो पाया है तो इस बारे में उन्हें जानकारी दी जानी चाहिए थी. विधानसभा में मुख्यमंत्री ने सदस्यों को बताया कि इसको लेकर वह तुरंत विभाग से बात कर लेते हैं. पहले जो दिये गये आदेश हैं, उसमें सुधार कराकर स्कूलों में पढ़ाई की अवधि सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक करा दी जायेगी.

### के के पाठक का फैसला बदलेंगे मुख्यमंत्री नीतीश

शिक्षकों को मिलेगी बड़ी राहत, अब 10 बजे से 4 बजे तक चलेगा सरकारी स्कूल। मुख्यमंत्री ने कहा- क्या अभी तक शिक्षा विभाग ने संशोधन नहीं किया है? यह बिल्कुल गलत है। हम अभी तुरंत के के पाठक को बुला रहे हैं, पूरे मामले की जानकारी ले रहे हैं. मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का नाम लिये बगैर कहा कि स्कूलों में पठन-पाठन का समय नौ बजे से शाम पांच बजे तक कर दिया था. इसको लेकर उन्होंने पहले ही कह दिया था कि ऐसा नहीं होना चाहिए. यह बात पहले कह दिया था और उसने इसे नहीं किया था तो उनको बुलाकर बात करेंगे. सदन के भीतर राजद की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तो आप लोग ही इसे देखते थे. जब वे बात नहीं माने तो पहले ही कहते कि आपका बात नहीं मान रहा है. उनको उसी समय कहते. मुख्यमंत्री ने सदन में ही ट्रेजरी बेंच पर बैठे शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी को कुछ निर्देश दिया. मंगलवार को सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही भाकपा माले के सत्यदेव राम ने सदन में इस मामले को लेकर कार्यस्थगन प्रस्ताव लाकर इस पर चर्चा कराने की मांग की. इसके समर्थन में महबूब आलम सहित विपक्ष के सदस्यों ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा दिये गये पूर्व के आदेश को तुगलकी फरमान बताया. विपक्ष के सदस्यों की मांग थी कि शिक्षा विभाग के इस आदेश से स्कूलों में पठन-पाठन का काम अस्त-व्यस्त हो गया है. स्कूलों में पठन-पाठन का काम 10 बजे से चार बजे तक होनी चाहिए. इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके समय में भी स्कूलों में पढ़ाई 10 बजे से चार बजे तक होती थी. पूर्व की तरह अब भी 10 बजे से चार बजे तक ही पढ़ाई होगी.

### 10 से चार चलेंगी कक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक पहली घंटी सुबह 10 बजे से 10.40 बजे तक चलेगी. आखिरी और आठवीं घंटी दोपहर 3.30 बजे से शाम 4 बजे तक होगी. बाकी स्थिति यथावत रहेगी. माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से सभी जिला पदाधिकारियों और विद्यालय पदाधिकारियों को भेज दी है. पहले के नोटिफिकेशन में पहली घंटी 9.30 बजे लगती थी. आठवीं घंटी साढ़े तीन बजे ख़त्म होती थी.

| | |
|---|---|
| पहली घंटी | 10 बजे से 10.40 मिनट तक |
| दूसरी घंटी | 10.40 बजे से 11.20 मिनट तक |
| तीसरी घंटी | 11.20 से 12.10 बजे तक |
| चौथी घंटी | 12.10 बजे से 12.50 बजे तक |
| मध्यांतर | 12.50 से 01.30 बजे तक |
| पांचवी घंटी | 01.30 बजे से 2.10 बजे तक |
| छठी घंटी | 2.10 बजे से 2.50 बजे तक |
| सातवीं घंटी | 2.50 बजे से 3.30 बजे तक |
| आठवीं घंटी | अपराह्न 3.30 बजे से शाम 4 बजे तक |

### नया टाइम टेबल

अब 10 :00 बजे से 04 :00 बजे तक चलेंगे सरकारी स्कूल।

### पहली घंटी से आधा घंटा पहले पहुंचना होगा शिक्षकों को

उल्लेखनीय है कि 28 नवंबर को जारी की गयी अधिसूचना में कहा गया था कि पहली घंटी से पहले प्रार्थना / योगाभ्यास/ व्यायाम / ड्रिल की जायेगी. जाहिर है कि यह कवायद अभी भी दस बजे से पहले ही होगी. ऐसे में शिक्षकों को पहली घंटी से कम से कम आधा घंटा पहले ही पहुंचना होगा. दरअसल मंगलवार को जारी अधिसूचना में घंटी शुरू होने से पहले और आठवीं घंटी के बाद की गतिविधियों के बारे में कुछ नहीं लिखा गया है.

## निजी अस्पताल में नवजात की मौत पर हंगामा

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** जीरोमाइल स्थित जीवन ज्योति हेल्थ केयर क्लिनिक में मंगलवार को इलाज के दौरान नवजात की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि इलाज में डॉक्टर की लापरवाही के कारण नवजात की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवगछिया प्रखंड क्षेत्र के ढोलबज्ज़ा धोबिनियां बासा निवासी बासुकी कुमार यादव के नवजात पुत्र के रूप में हुई। इधर अस्पताल संचालक का कहना है कि किसी तरह की लापरवाही नहीं की गई है, मामला शॉर्ट आउट हो गया है। किसी प्रकार की लापरवाही की बात नहीं है। इलाज के दौरान बच्चे को सभी तरह के जीवन रक्षक दवाएं दी गई थी। मृतक के रिश्तेदार अमित कुमार यादव व नकुल कुमार ने बताया कि 19 फरवरी की सुबह करीब सात बजे डिंपल कुमारी पति बासुकी कुमार यादव ढोलबज्जा धोबिनियां बासा को नवगछिया जिरोमाइल स्थित जीवन ज्योति हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन ने कहा कि जच्चा को भर्ती कराया तब उसकी हालत सही थी। वहीं सोमवार सुबह करीब 10 बजे नवजात का जन्म हुआ। बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे तक बच्चा स्वस्थ था। डॉक्टर ने बताया गया कि बच्चा ऑपरेशन करके हुआ है। नवजात को आईसीयू में भर्ती कराना होगा। परिजनों ने डॉक्टर के कहे अनुसार 24 घंटे आईसीयू में भर्ती कराया। इसके लिए चार हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लिए गये। परिजनों ने आरोप लगाया कि रात में डॉक्टर क्लिनिक में नहीं रहते हैं। अप्रशिक्षित कंपाउंडर पर पूरा अस्पताल था। सुबह साढ़े छह बजे तक बच्चा स्वस्थ था। सात बजे के करीब नवजात को एक कंपाउंडर ने एक इंजेक्शन दिया। इसके अगले ही पल में नवजात की मौत हो गई। वहीं जब नवजात की मौत के बारे में डॉक्टर से परिजनों ने पूछा तो डॉक्टर ने कहा कि मेरे पास यही व्यवस्था थी। आप चाहते तो अन्यत्र नवजात को लेकर चले जाते। परिजनों ने कहा सुबह साढ़े छह बजे के बाद नवजात सीरियस हुआ तो संचालक ने कुछ नहीं बताया। अंतिम समय में दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गयी।

## मैट्रिक परीक्षा ठीक नहीं गई तो छात्र ने की खुदकुशी

### आरा में वकील हैं पिता; एग्जाम में कॉपी खाली छोड़कर आया था



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में मंगलवार की देर शाम वकील के 15 साल के बेटे ने खुदकुशी कर ली। वो मैट्रिक परीक्षा ठीक नहीं जाने से परेशान था। मंगलवार की शाम वह परीक्षा देकर घर वापस आया और खाना खाया। इसके बाद वह दरवाजे पर बैठा था। तभी वह सब्जी खरीदने के लिए बाजार चला गया। इसी बीच बाजार में उसने जहर खा लिया। जब नितिन बाजार से लौटा तो वह उल्टी करने लगा और अचानक बेहोश हो गया। जिसके बाद परिजनों उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच रही। मृत छात्र कोईलवर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी अशोक कुमार दास का 15 वर्षीय बेटा नितिन कुमार है। मामला कोईलवर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का है। नितिन दसवीं कक्षा का छात्र था। वो जमालपुर स्थित हाई स्कूल में पढ़ता था। पिता अशोक कुमार दास ने बताया कि कुछ महीने पहले से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह दसवीं कक्षा में पढ़ता था और इस बार वह मैट्रिक का परीक्षा दे रहा था। उसका सेंटर महाराजा कॉलेज में था। वह परीक्षा देकर आता तो रोज बोला करता था कि मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है मैं सादी कॉपी ही परीक्षा में दे रहा हूं। जो समझ में आता है वहीं लिख देता हूं। इसके बाद उन्होंने कहा कि कोई बात नहीं तुम परीक्षा दो तुम्हें अनुभव होगा। अगली बार फिर तुम तैयारी करना मैं तुम्हारी ट्यूशन लगवा दूंगा। इसके बाद तुम दोबारा परीक्षा देना और पास करना। इस बार तुम फेल हो या पास कोई बात नहीं। परिवार वाले बिना अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि नितिन अपने तीन भाई और दो बहनों में छोटा था। उसके परिवार में मां दुलारो देवी, दो भाई सरोज,रितेश और दो बहन दुर्गावती-श्रुति हैं। नितिन के पिता आरा व्यवहार न्यायालय में वकील है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। मां दुलारो देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कृमि संक्रमण बच्चों के बौद्धिक विकास को करता प्रभावित, कुपोषण के होते शिकार-सीएस

**नालंदा, एजेंसी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर नालंदा समेत 14 जिलों में आगामी 15 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान 1 वर्ष से लेकर 19 साल के बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल दवा की खुराक दी जाएगी। चिह्नित बच्चों और किशोरों को सरकारी और निजी विद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाई जाएगी। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य कि डॉ. विजय प्रकाश राय ने बताया कि लगभग 2 करोड़ 47 लाख 93 हजार बच्चों और किशोरों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। राज्य के अररिया, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, नालंदा, नवादा, पटना, पूर्णिया, रोहतास और समस्तीपुर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 19 मार्च को छूटे हुए बच्चों और किशोरों को दवा खिलाने के लिए मॉप अप दिवस मनाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ.अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि कृमि संक्रमण, बच्चों के बौद्धिक विकास को प्रभावित करता है जिससे उनकी सीखने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कृमि से ग्रसित बच्चे और किशोर अक्सर कुपोषण का शिकार होते हैं और स्कूलों में उनकी नियमित उपस्थिति नहीं रहती है। उन्होंने अपील की कि 15 मार्च को सभी बच्चे और किशोर कृमि मुक्ति की दवा का सेवन जरूर करें। जिन बच्चों और किशोरों के पेट में कृमि की संख्या ज्यादा होती है उनमें दवा सेवन के बाद जी मचलाना, कमजोरी का अनुभव करना, सिर अथवा पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। जो स्वतः कुछ देर में समाप्त हो जाती है।

# अस्पताल में मौत के बाद हंगामा:परिजनों का आरोप- डॉक्टर की लापरवाही से बिटिया की गई जान

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के सदर अस्पताल में एक लड़की की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इससे सदर अस्पताल में अफरा तफरी माहौल का बना रहा। पूरा मामला बेगूसराय के सदर अस्पताल की है। मृतक लड़की की पहचान गढ़पुरा थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव के रहने वाले राजकुमार की पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि साक्षी कुमारी कमजोरी के कारण ब्लड शरीर में नहीं था।

आनन-फानन में परिजनों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि साक्षी बिल्कुल ठीक-ठाक थी थोड़ा सा ब्लड शरीर में नहीं रहने के कारण कमजोरी था। उन्होंने बताया है कि अचानक जब सदर अस्पताल में साक्षी को भर्ती कराया इलाज के लिए उसका तबीयत काफी ज्यादा लगातार बिगड़ने लगा। तबीयत काफी ज्यादा बिगड़ने के बाद यहां पर मौजूद नर्स एवं डॉक्टर को बुलाया गया। लेकिन सा समय पर नहीं आया। अचानक उसकी सांस बंद हो गई।



### इलाज होने पर बच सकती थी जान

मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मौत से नाराज़ परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर सही ढंग से इलाज अगर होती तो आज साक्षी की मौत नहीं होती। वहीं इस घटना की सूचना डॉक्टर के द्वारा नगर थाना पुलिस को दी। मौके पर नगर थाने के पुलिस पहुंचकर किसी तरह मामला को शांत कराया। वही इस संबंध में सदर अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर दिवाकर कुमार ने बताया है कि साक्षी कुमारी नामक लड़की को इलाज के लिए बेगूसराय के सदर अस्पताल में भर्ती कराया। उसका सही ढंग से इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि फेफड़ा में बहुत ज्यादा पानी जमा हो गया था। इसको लेकर सही ढंग से उसे ट्रीटमेंट किया जा रहा था। तभी उसका अचानक सांस बंद होने लगा।ऑक्सीजन लगाया गया और सीपीआई भी मेरे द्वारा दिया गया। लेकिन उतनी ही देर में परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मारपीट पर उतारू हो गए। फिलहाल पुलिस पूरे

### बुलाने पर भी नहीं आए डॉक्टर

परिजनों ने बताया कि उसे सीपीआर देने का लगातार प्रयास किया। लेकिन इसके बाद डॉक्टर को एवं नर्स को लगातार बुलाने लगे। ना ही डॉक्टर आया और ना ही नर्स देखने तक नहीं आया। काफी देर के बाद डॉक्टर मरीज के पास आया। मरीज को सही ढंग से देखा नहीं और वहां से भाग निकला। काफी देर तक डॉक्टर और नर्स को बुलाते रहे। लेकिन इसके बावजूद भी नहीं पहुंचे आखिरकार साक्षी की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### छपरा की बेटी स्वाति मिश्रा गूगल सर्च के टॉप-10 में हुई शामिल



**छपरा।** छपरा जिला की बेटी स्वाति मिश्रा महज एक गीत के कारण पूरे देश दुनिया में पहचान बन चुकी है। राम आएंगे तो अंगना बहरूंगी गीत ने रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। शबरी परंपरा के इस गीत को जब वो गा रही थी तो उन्हें भी नहीं पता था कि यह गीत इतिहास बन जाएगा। स्वर्गीय श्याम सुंदर शर्मा का लिखा यह गीत पहले कई लोगों ने गाया था पर प्रसिद्ध नहीं हो पाया।सोशल मीडिया पर पहले से अपनी पहचान बना चुकी स्वाति के पास अब कई सारे बड़े प्रोजेक्ट आ चुके हैं। कई भाषाओं में गीत गाने के ऑफर हैं। बॉलीवुड के फिल्मों में अभिनय तक के ऑफर मिले है। बीएचयू से संगीत में स्नातक की डिग्री प्राप्त स्वाति स्टेज परफॉर्मर भी हैं। स्वाति कहती है कि अभी तो यह महज शुरुआत है वह लिक से अलग हटकर बहुत कुछ करना चाहती हैं। भोजपुरी भाषा में भी वे पारंपरिक गीतों को गाने की तैयारी में है। वह खुद भोजपुरी भाषी है तथा पूर्व में भी कई सारे भोजपुरी पारंपरिक गीत अपने यूट्यूब चैनल के लिए गा चुकी है। छपरा की स्वाति मिश्रा एक गाने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी से पूरे देश दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी है। स्वाति के बारे में हर कोई जानना चाहता है संघर्ष के बारे में, परिवार के बारे में, उनकी गायकी के तालीम के बारे में। स्वाति एक मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी है। पिछले कई वर्षों से गायिका के तौर पर अपनी पहचान बनाने में लगी हुई है। सोशल मीडिया ने उन्हें बड़ा पहचान दिया है जो लोग सोशल मीडिया पर एक्टिव है वह इन्हें पहले से जानते थे। भगवान राम पर गाए गीत ने इन्हें पूरे दुनिया में बड़ी पहचान दिला दी। भविष्य को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित है। स्वाति बॉलीवुड गायिका के तौर पर बड़ी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। इन दिनों पूरे देश में हो रहे महोत्सव में इन्हें बुलाया जा रहा है। व्यस्तता बढ़ गई है इनका परिवार छपरा में रहता है जबकि यह खुद मुंबई में रहती है। गूगल सर्च में भी ये टॉप 10 में शामिल हो गई है।

### हाशिवरात्रि और लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था को लेकर मढ़ौरा एसडीओ ने मशरक में की बैठक



**छपरा।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के डुमरसन पंचायत के डुमरसन मेला गांव अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में बुधवार को आगामी महाशिवरात्रि और लोकसभा चुनाव को लेकर मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीओ सुमंत कुमार, डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, प्रखंड जनवितरण प्रणाली संघ अध्यक्ष प्रशांत सिंह, मंदिर समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साह, मंतोष सिंघानिया, मिथलेश सिंह, रंजीत भगत, बिन्दा लाल भगत, गोपाल साह, गोपाल साह, रामेश्वर प्रसाद, अशोक साह, पूर्व सरपंच लालू बाबू राय समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर के पास की जमीन पर सिविल कोर्ट सारण और उच्च न्यायालय पटना में मामला चल रहा है जिससे परिसर में किसी भी तरह के निर्माण पर रोक हैं। उपस्थित ग्रामीणों ने मढ़ौरा एसडीओ के सामने मंदिर की जीर्ण शीर्ण का मुद्दा रखा जिसमें बताया गया कि मंदिर की मरम्मत अबिलंब जरुरी है। वहीं मढ़ौरा एसडीओ ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर पूजा अर्चना की और मंदिर की मरम्मत और रंग रोगन करने को अनुमति दी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी महाशिवरात्रि के पर्व और लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न दें और कोशिश करें कि गांव में अवांछनीय तत्वों के द्वारा कोई भी गलत कार्य की जाती है तो थाना पुलिस को सूचना दे।

### पूर्व विधायक रंधीर ने नगर पंचायत मशरक में दर्जनों जगहो पर चलाया जन सम्पर्क अभियान



**छपरा।** महाराजगंज लोकसभा से राजद प्रत्याशी व छपरा के पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह ने मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के दर्जनों जगहों मशरक तख्त के लुक माता स्थित विक्रमा सिंह के घर के पास, योगी बाबा, सैफ अली के घर के पास, सतीआरतीर, मशरक मेला बजार पर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ग्रामीणों के साथ जन सम्पर्क अभियान चलाया। जन सम्पर्क अभियान में प्रत्येक जगहों पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और राजद प्रत्याशी रणधीर सिंह की बातों को सुना। इस दौरान राजद प्रत्याशी का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी की 17 महीने की सरकार बनी और हमलोगों ने जो जनता से वादा किया था वो वादा रोजगार देकर पूरा किया। ये पलटू राम को जनता का विकास रास नही आया और फिर भाजपा के गोद में जाकर सो गए। मौके पर प्रखंड प्रमुख रविप्रकाश सिंह मन्टु , पूर्व मुखिया छोटा संजय जितेंद्र सिंह पूर्व सरपंच, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, रंजीत सिंह, शशि सिंह, बबन सिंह, करण सिंह, विक्रमा सिंह, चंद्रमा सिंह, उप मुखिया शिवकुमार यादव, पूर्व प्रमुख जितेंद्र राय, मादा खान, सुनील कुमार सिंह, दीपक सिंह, मनीष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### उत्पाती बंदर को वन विभाग ने किया रेस्क्यू, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**छपरा।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के दुमदुमा गाँव मे वन प्रमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में ट्रेंकुलाइज की सहायता से बुधवार को उत्पाती बंदर को रेस्क्यू किया गया। वन विभाग के अधिकारी डॉ अमित कुमार ने बताया कि यह।बन्दर पिछले एक महीने से दुमदुमा सहित आस पास के के दर्जनों गाँव मे उत्पात मचा रखा था। ग्रामीणों के शिकायत पर हमारी टीम द्वारा काफी मसक्कत के बाद ऑपरेशन चलाकर इसे रेस्क्यू किया गया। लोगों ने बताया था कि उत्पाती बन्दर ने कई लोगों को काटकर घायल भी कर चुका है। इसे गंभीरता से लेते हुए वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया, जिसके बाद वरीय पदाधिकारी के आदेश पर टीम पहुंची और सुबह से ही बंदर पकड़ने में लग गए। शाम-शाम तक बंदर को पकड़ लिया गया। बंदर पकड़ जाने के बाद दुमदुमा गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। बताते चलें कि गाँव के रास्ते से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालक व राहगीरों को देखते ही बंदर हमला कर देता था। इससे लोग काफी परेशान हो गए थे। इस ऑपरेशन में वेंकटेश कुमार तथा पंकज कुमार मौजूद थे।

### इनरवा में श्रम विभाग ने बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**बेतिया।** बाल श्रम पर प्रभावी अंकुश लगाने के किए इनरवा में श्रम विभाग ने बुधवार को अभियान चलाया। जिसमें गैरेज में काम कर रहे एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया। इधर श्रम विभाग की कारवाई से दुकानदारों में हडकंप मचा रहा। मैनाटांड़ प्रभारी सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नीलम आकाश ने बताया कि एक बाल श्रमिक को बाल कल्याण विभाग बेतिया को हैंडोवर कर दिया गया है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया।** इनरवा पुलिस ने 60 बोतल शराब के साथ एक धंधेबाज को धर दबोचा है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की खमिया के अजीम मियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब पीने व बेचने वालों पर पुलिस की पैनी निगाहें बनी हुई है। गौनाहा उप मुखिया के सहयोग से बक्सर जिला के बिछड़ा व्यक्ति पहुंचा अपने घर।

'द मोदी कॉन्क्लेव' में बोले सम्राट चौधरी-यूपी जैसे विकास के लिए बिहार को बदलना होगा

# माफिया राज खत्म करने को लेकर पुलिस को दिया फ्री-हैंड

चाणक्य भूमि। पटना।



डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार से बालू, शराब और जमीन से जुड़े माफियाओं को खत्म करना है। 80 फीसदी क्राइम का जड़ यही है। जब तक इनका खात्मा नहीं होगा, बिहार तरक्की नहीं करेगा। पुलिस को फ्री हैंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मैंने डीजीपी को बुलाया और उनसे कहा है- मुझे हर हालत में बिहार में लॉ एंड ऑर्डर अच्छा चाहिए। हमने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी इस मुद्दे पर बात की। सीएम से साफ शब्दों में मैंने कहा है कि लॉ एंड ऑर्डर के मामले में आप किसी की बात नहीं सुनिए। किसी भी हाल में बिहार में कानून का राज कायम होना चाहिए। बुधवार को बिहार भाजपा एनआरआई सेल की ओर से पटना में THE MODI CONCLAVE (द मोदी कॉन्क्लेव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

बिहार को लूटने वाले गैंग्स को खत्म करना है। इसके लिए जो भी ठोस कदम उठाने की जरूरत है, उसे उठाया जाएगा। सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा- मैं मुख्यमंत्री का बेटा हूं, ये कहने से काम नहीं चलेगा। लूटने का काम जन कल्याण नहीं है। बिहार से माफिया राज जल्द खत्म होगा।

**बिहार को भी बदलना होगाः** सम्राट चौधरी ने आगे कहा कि बिहार दुनिया के शीर्ष पर है और मजदूरी भी हम ही करते हैं। हमें संस्थागत विकास करना होगा। बिहार में भी 8 लेन हाईवे की जरूरत है। यहां बड़े उद्योगों के साथ लघु उद्योगों का भी चेन बिछाना होगा। उत्तर प्रदेश में जैसा विकास हुआ है, वैसे ही बिहार को भी बदलना होगा। अब यूपी में भी विकास दिख रहा है। हमें मोदी जी ने विकास का सपना दिखाया है। मोदी पहले पीएम हैं, जो सबका विकास कर रहे हैं।

**महिला सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकताः** महिलाओं को भी विकास में भागीदारी देनी होगी। महिला अगर आगे नहीं बढ़ी, तो पूरा परिवार पिछड़ जाता है। अब सभी जगह महिला आगे बढ़कर काम कर रही है। हमारे यहां महिलाओं का देवी तुल्य दर्जा है। महिलाओं को सुरक्षित रखने के लिए पीएम लगातार काम कर रहे हैं। महिला सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है।

**कार्यक्रम में बीजेपी के कई नेता शामिल हुएः** कार्यक्रम में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत बीजेपी के कई अन्य नेता शामिल हुए। अध्यक्षता भाजपा एनआरआई सेल के कनवीनर मनीष सिन्हा ने की।

## मंजुला देवी प्रखंड मुखिया संघ के नए अध्यक्ष के पद पर मनोनीत



चाणक्य भूमि। बेतिया

गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त मुखिया संघ की बैठक में बुधवार को निवर्तमान मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रदीप पंजियार की जगह माधोपुर पंचायत की मुखिया मंजुला देवी को नया प्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। माधोपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रानू कुमार मिश्रा ने बताया कि बैरिया माधोपुर गांव में मुखिया संघ की एक बैठक राजन मिश्रा के आवास पर बजडा मुखिया जयप्रकाश महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें सर्वसम्मति से मुखिया मंजुला देवी को गौनाहा प्रखंड का नया प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मंझरिया मुखिया चिंता देवी, बेलवा मुखिया मंजीत तारापुरिया, लक्षनौता मुखिया तफ़रुल हयात,महुई मुखिया शहर चौधरी, बजडा मुखिया जयप्रकाश महतो, मटियरिया मुखिया दिवाकर पटवारी,भितिहरवा मुखिया मुन्नी देवी, मेहनौल मुखिया हीरा मुनी देवी, रूपवलिया मुखिया छोटन साह, माधोपुर मुखिया मंजुला देवी डरौल मुखिया चुनमुन वर्मा उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया जयप्रकाश महतो ने बताया कि शेष अवधि के लिए बहुमत के आधार पर माधोपुर पंचायत की मुखिया मंजुला देवी को नया मुखिया संघ का अध्यक्ष मनोनीत कर मंजूरी के लिए जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष को पत्र भेजा गया है।इधर पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रदीप पंजियार का कहना है कि नए मुखिया संघ के अध्यक्ष के मनोनयन पर हमें कोई आपत्ति नही है। मंजुला देवी को गौनाहा प्रखंड के मुखिया संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार महतो,नरकटियागंज मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे उर्फ बाला दुबे तथा जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अफसर इमाम सहित फ़र्जनों लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में आयोजित प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



चाणक्य भूमि। छपरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में बुधवार को प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी के प्रभारी डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान गर्भावस्था के दौरान होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव तथा रोगग्रस्त माताओं को गर्भावस्था के इलाज के लिए चिकित्सक के संपर्क में रहने की सलाह दी गई। शिविर में गर्भवती माताओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, कोरोना समेत गर्भस्त शिशु की गतिविधि को देखा गया। जांच उपरांत सभी गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम, आयरन, पारासिटामोल व अन्य आवश्यक दवाइयां दी गई। गर्भवती महिलाओं को प्रभारी डाक्टर संजय कुमार सिंह ने सलाह बहुत खास बातो का जानकारी देकर महिलाओं को गर्भावस्था में किन किन बातो पर ध्यान देना चाहिए। मौके पर चिकित्सकों एवं सी एच ओ मांगी लाल देवासी के अलावा बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

17 महीने में मैने 5 लाख नौकरियां सरकार में रहकर देने का काम किया है

# तेजस्वी ने 'जनविश्वास यात्रा' मे माय की जगह अब बाप की पार्टी का नारा दिया

चाणक्य भूमि। बेतिया



लौरिया बुधवार के दिन लौरिया के साहू जैन खेल के मैदान में बिहार पूर्व उपमुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव अपने जन विश्वास यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब थक चुके हैं और काफी बूढ़े हो गए हैं। उनसे सरकार नहीं चल रही है और अनाप शनाप बोल दे रहे हैं। वे सत्ता में बने रहने के लिए तीन साल में तीन बार पलटी मार चुके हैं। वे कब किधर और किस समय पलटी मार देंगे, यह कहना मुश्किल है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि चाचा कब पलटी मार देंगे, यह कहा नहीं जा सकता है,उन्हें कुर्सी से बहुत प्यार है। तेजस्वी यादव ने जनता से सीधे सवाल करते हुए कहा कि जब मैं 2020 के विधानसभा चुनाव में आपसे वादा किया था कि यदि मेरी सरकार बनी तो सबसे पहले मैं सत्ता संभालते ही 10 लाख सरकारी नौकरियां अपनी कलम से दूंगा, हम सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद हम सत्ता से दूर हो गए। उन्होंने ने कहा की भाजपा वाले मेरी पार्टी को तोड़ना चाहते हैं। जब मै उपमुख्यंत्री बना तो मात्र 17 माह में काफी नौकरियां दी, यदि एक साल और रहता तो लाखो लोगो को नौकरियां दे देता। उन्होंने सीएम के बारे में कहा कि नीतीश चाचा डर गए हैं। वे विधानसभा भंग कराना चाहते हैं और लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा का चुनाव कराने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि राजद केवल माई की ही पार्टी नहीं है, बल्कि माई बाप की पार्टी है।उन्होंने कहा कि मेरे ही कार्यकाल में किसानों के गन्ना के मूल्य में 20 रुपया प्रति क्विंटल के दर से रुपया बढ़ाया गया है, जिससे 24 सौ करोड़ रुपए का फायदा किसानों को हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला और कहा कि मोदी जी ने 10 वर्षों में पश्चिमी चंपारण में कोई कारखाना स्थापित किया है या यहां के लोगों के लिए रोजगार का कोई अवसर पैदा किया है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि आप सब नया बिहार बनाने में राजद को मजबूत बनावें और हम विश्वास दिलाते हैं कि आपकी आकांक्षाओं पर निश्चित तौर पर खरा उतरूंगा। वहीं राजद के विधानसभा प्रत्याशी रहे शंभू तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष को शॉल ओढ़ाकर आगवानी की और सभी नेताओं और जनता का धन्यवाद के साथ स्वागत किया। मौके पर राज्य सभा सांसद मनोज झा, एमएलजी सौरभ कुमार,रणकौशल प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## भोजपुरी को 8वीं अनुसूची में शामिल कराने को ले सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे- सुफी संत डॉ जौहर





चाणक्य भूमि। छपरा

मशरक में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह के अवसर पर भोजपुरी मंडल मशरक के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान में भोजपुरी भाषा व साहित्य के दशा-दिशा पर परिचर्चा में आए विभिन्न संत महात्माओं, विद्वानों व साहित्यकारों द्वारा अपना अपना विचार व्यक्त किए। मशरक स्टेशन फीडर रोड स्थित मंगल मार्केट के सभागार में चन्द्रकेत नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संत विद्याभूषण जी कवि एवं सुफी संत डॉ जौहर सफियाबादी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर साहित्यकार शुभनारायण सिंह "शुभ", प्रो नरेन्द्र कुमार तिवारी, अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, डॉ पीके परमार, प्रो रविकांत "रवि", दिलीप कुमार सिंह, रंजन कुमार सोनी के अलावे अन्य कई वक्ताओं ने वर्तमान भोजपुरी भाषा व साहित्य के दशा-दिशा पर परिचर्चा पर अपना अपना विचार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि संत विद्याभूषण जी कवि ने कहा कि भोजपुरी भाषा के सिपाही देश के साधु संत लोग रहे, हम भी उस जमात के सिपाही है। भाई जौहर सफियाबादी का साथे हम भोजपुरी भाषा के आठवीं अनुसूची में सामिल कराने को ले तन, मन आ धन से भी सामिल है। सुफी संत डॉ जौहर सफियाबादी ने कहा कि भोजपुरी भाषा साहित्य के संविधान का आठवीं अनुसूची में सामिल कराने को ले हम अपना उम्र का सीमा से आगे बढ़के काम कर रहे है। अब हम सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। मौके पर एक प्रस्ताव पारित कर यह संकल्प लिया गया कि भोजपुरी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में सामिल कराने को ले सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर किया जाएगा। भोजपुरी भाषा के साथ सरकार सौतेलापन व्यवहार कर रही है जो करोड़ो भोजपुरी भाषाई के साथ अन्याय हो रहा है।

### बक्सर पहुंचने पर स्थानीय मुखिया व परिजनों ने नागेंद्र मौर्य का किया भव्य स्वागत

चाणक्य भूमि। बेतिया

गौनाहा प्रखंड अंतगर्त्त स्थानीय पंचायत के उप मुखिया नागेंद्र मौर्य के पहल से बक्सर जिला से भटका व्यक्ति पहुंच अपने घर। बता दे की बक्सर निवासी मंद बुद्धि दिनेश यादव कुछ दिनों पहले अपने घर से भटक कर थाना क्षेत्र के मंगुरहा गाँव पहुंचा था। जिसे स्थानीय युवा उप मुखिया नागेंद्र मौर्या के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उस व्यक्ति से संबंधित जानकारियां साझा की गई थी। जिसके चलते उसके परिजनों द्वारा संपर्क कर उस व्यक्ति को बक्सर पहुंचाने की अनुरोध की गई। जिसे अमल में लाते हुए नागेंद्र मौर्य अपने खर्च से उस व्यक्ति को साथ लेकर इस पुनीत कार्य के लिए बक्सर प्रस्थान कर दिए । सफर की कठिनाइयों से ट्रेन में खुद खड़ा होकर और उस व्यक्ति को सीट पर बैठा कर अपने को धक्का खाते हुए जब उस व्यक्ति के गांव पहुंचे तो गांव और परिवार वालों की खुशी का ठिकाना ना रहा। दिनेश यादव की बुढ़ी मां अपने बेटे को अपने सामने देख भाउक होकर नरेंद्र मौर्य का आभार व्यक्त की। वहीं दिनेश यादव के गांव बक्सर के मुखिया शत्रुधन राम द्वारा गौनाहा उप मुखिया का भव्य स्वागत किया गया । और इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी गई। विदित हो की इससे पूर्व में भी नागेंद्र मौर्य के सहयोग से कई भूले बिसरे लोगों को उनके परिवार से मिलाने का कार्य किया गया है। जो बिना किसी लोभ लालच के धर्म जाति से ऊपर उठकर मानव सेवा के लिए समर्पित इस युवा नेता सह समाजसेवी पर पूरे प्रखंड वासी आज गर्व महसूस कर रहे है। और आगे इन से उम्मीद भी है कि आने वाले समय में ये अपने आप को मानव सेवा एवं जन कल्याण के लिए सदा समर्पित रखेगे। नागेन्द्र मौर्य के इस पुनीत कार्य के लिए संवादाता का भी सहृदय धन्यवाद और आशीर्वाद।

### उपलब्धि :साठी पुलीस ने गायब सेराज को पुलिस ने चार दिनों के अंदर ढूंढ निकाला वैशाली के हाजीपुर से

चाणक्य भूमि। बेतिया



साठी के कटहरी पब्लिक स्कूल के सप्तम वर्ग का छात्र अब्बू शाद सेराज क्र साठी पुलिस ने चार दिनों के अंदर वैशाली जिले के हाजीपुर से ढूंढ निकाला। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुरली भगौना निवासी सेराज अहमद के पुत्र अबुशाद सेराज के गुमशुदगी का सनहा नंबर ओ एच 29 आबूसाद के मामा अमजद आलम ने 13 फरवरी 2024 को दर्ज कराई थी जिसमें लिखा था कि अब्बूशाद शेराज 13 फरवरी 2024 को साठी कटहरी पब्लिक स्कूल में पढ़ने के लिए घर से निकाला, लेकिन शाम तक जब घर नहीं आया तो हम लोग खोजबीन की शुरू किया लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष ने अपरथाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को जांच पड़ताल का जिम्मा सोपा अपर थाना अध्यक्ष में मोबाइल नंबर का ट्रेस करते हुए परिजनों के सहयोग से शनिवार की शाम हाजीपुर से बरामद करा लिया अपरथाना अध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान अब्बूशाद ने बताया कि दोस्तों के साथ सोनपुर मेला घूमने चला गया था घर वालों के डर से उन्हें कुछ नहीं बताया पुलिस ने कालजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को आबुशाद को परिजनों के हवाले कर दिया।

## माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में जिलाधिकारी ने जिला परिषद सारण के सदस्यों की बुलाई बैठक

चाणक्य भूमि। छपरा



जिला परिषद सारण के उपाध्यक्ष के विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला परिषद के सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में 47 में से कुल 43 सदस्य उपस्थित हुए। यह बैठक माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पंचायतीराज अधिनियम के सेक्शन 157 के तहत अविश्वास प्रस्ताव प्रस्ताव की प्रक्रिया लेकर आहुत की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को इस बैठक के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सभी उपस्थित सदस्यों का हस्ताक्षर जिलाधिकारी की उपस्थिति में दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी ने उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों से अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया के संदर्भ में किसी भी प्रकार की आपत्ति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गए आरोप के मेरिट के संदर्भ में सदस्यगण अविश्वास प्रस्ताव के लिये निर्धारित की जाने वाली तिथि को आहुत बैठक में आपस में चर्चा कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके स्तर से सात दिनों के अंतर्गत अंतिम आदेश पारित किया जायेगा। इसके उपरांत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए सक्षम स्तर से तिथि निर्धारित की जायेगी। निर्धारित तिथि को आहुत बैठक में सदस्यगण लगाये गए आरोपों के मेरिट पर आपस में चर्चा कर सकते हैं। चर्चा के उपरांत मतदान की प्रक्रिया अपनाई जायेगी तथा बहुमत के आधार पर निर्णय होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# तेजस्वी के विश्वास यात्रा के समर्थन में उत्साहित दिखे लोग

- नया बिहार बनाने में राजद को करें मजबूत:तेजस्वी
- सीएम और पीएम पर कसा तंज
- मेरी लड़ाई 17 साल बनाम 17 महीने से है
- 5 लाख नौकरियां 17 महीने की कामयाबी का नतीजा
- माई बाप की पार्टी है राजद






चाणक्य भूमि। (कनकलता),बेतिया

बेतिया| नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लौरिया की सभा मे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर खूब तंज कसा।कहा कि चाचा अब थक चुके हैं और काफी बूढ़े हो गए हैं। उनसे सरकार नहीं चल रही है नटीजतन अनाप शनाप बोल दे रहे हैं। वे सत्ता में बने रहने के लिए तीन साल में तीन बार पलटी मार चुके हैं। वे कब किधर और किस समय पलटी मार देंगे, यह कहना मुश्किल है। जन विश्वास यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी।तेजस्वी की एक झलक पाने को बेताब थे लोग। नेता प्रतिपक्ष श्री यादव ने जनता से सीधे सवाल करते हुए कहा कि जब मैं 2020 के विधानसभा चुनाव में आपसे वादा किया था कि यदि मेरी सरकार बनी तो सबसे पहले मैं सत्ता संभालते ही 10 लाख सरकारी नौकरियां अपनी कलम से दूंगा, दुर्भाग्यवश सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद हम सत्ता से दूर हो गए। इधर चाचा ने मेरी मां से माफी मांगते हुए कहा कि आप मेरे साथ आ जाइए, भाजपा वाले मेरी पार्टी को तोड़ना चाहते हैं। जब मै उपमुख्यंत्री बना तो मात्र 17 माह में 5 लाख नौकरियां दी, यदि एक साल और रहता तो पांच लाख और नौकरियां दे देता। उन्होंने सीएम के बारे में कहा कि नीतीश चाचा डर गए हैं। वे विधानसभा भंग कराना चाहते हैं और लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा का चुनाव कराने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि राजद केवल माई की ही पार्टी नहीं है, बल्कि माई बाप की पार्टी है।उन्होंने कहा कि मेरे ही कार्यकाल में किसानों के गन्ना के मूल्य में 20 रुपया प्रति क्विंटल के दर से रुपया बढ़ाया गया है। जिससे 24 सौ करोड़ रुपए का फायदा किसानों को हुआ । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला और कहा कि मोदी जी ने 10 वर्षों में पश्चिमी चंपारण में कोई कारखाना स्थापित किया है या यहां के लोगों के लिए रोजगार का कोई अवसर पैदा किया है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि आप सब नया बिहार बनाने में राजद को मजबूत बनावें और हम विश्वास दिलाते हैं कि आपकी आकांक्षाओं पर निश्चित तौर पर खरा उतरूंगा। वहीं राजद के विधानसभा प्रत्याशी रहे शंभू तिवारी ने नेता प्रतिपक्ष को शॉल ओढ़ाकर आगवानी की और सभी नेताओं और जनता का धन्यवाद के साथ स्वागत किया। मौके पर राज्य सभा सांसद मनोज झा, एमएलसी सौरभ कुमार,कांग्रेस के पूर्व विद्यायक मदन मोहन तिवारी,जिलाध्यक्ष साहब हुसैन,अमर यादव,इंद्रजीत यादव,जय लाल यादव,शेख कामरान,राजीव गांधी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भीषण सड़क हादसे में जुड़वा भाई समेत नौ की मौत

चाणक्य भूमि। बेतिया



मंगलवार रात डेढ़ बजे रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र के झुलौना गांव के पास NH-30 पर उल्टी दिशा से आ रहे ट्रक ने एक टेंपो को टक्कर मार दी जिसमे नौ लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गये और आठ लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए लिखा है कि सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ चाणक्य भूमि। मंगलवार की रात रामगढ़ चौक के झुलौना गांव के पास NH-30 पर हुये सड़क हादसे में टेंपो ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। टेंपो सवार सभी मृतक एक ही गांव मुंगेर के जमालपुर के थे और पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम काम करते थे और एक शादी समारोह से भोजन परोसने का काम पूरा कर लखीसराय रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे । घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है और शव पहुंचते ही ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए और जिलाधिकारी को बुलाने की माँग को लेकर जमालपुर-धरहरा मुख्य मार्ग पर सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों एवं परिजनों का कहना था कि इतना बड़ा हादसा हो गया, सरकार केवल 20000 और 3000 रुपए दे रही है। बाद में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के समझाने बुझाने के बाद हंगामा शांत हुआ। घटनास्थल पर डीएसपी, थाना अध्यक्ष, सीओ, वीडियो के अलावा पूर्व विधायक शैलेश कुमार, जदयू के जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल, प्रमोद पासवान, बबलू पासवान, राजद के बमबम यादव, राज गुप्ता, राजीव नायक सहित अन्य लोग पहुंच गए हैं।

# संदिग्ध अवस्था में मिला बुजुर्ग का शव

चाणक्य भूमि। बेतिया



चनपटिया में एक वृद्ध का शव गन्ना के खेत से संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बेतिया में भेज दिया। और मामले की जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मृतक की पहचान भैंसही गांव के बलि बैठा के रूप में की गई है। उनकी पत्नी कृष्णावती देवी ने बताया कि उनके पति मंगलवार की सुबह शौच के लिए गये थे। जब काफी देर तक नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। पड़ोसियों ने भी काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इधर, बुधवार को ग्रामीणों ने गांव से सटे सरेह में गन्ना के खेत में बलि की लाश देख इसकी सूचना परिजनों समेत पुलिस को दी। और पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

# विधायक राम सिंह ने परसौनी को प्रखंड बनाने की मांग

चाणक्य भूमि | बेतिया



परसौनी को प्रखंड बनाने की मांग विधायक राम सिंह ने विधानसभा में उठायी है। उनके प्रस्ताव के तहत परसौनी में 10 से अधिक पंचायतों को शामिल किया जाएगा जिससे लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में कम समय लगेगा। जानकारी के अनुसार बगहा एक प्रखंड से अलग परसौनी के रूप में नए प्रखंड के निर्माण को लेकर एक दशक पूर्व एक प्रस्ताव तैयार हुआ था, जिसमें प्रखंड के टेसरहिया बथुवरिया, बसवरिया, चौतरवा, पतिलार इंग्लिशया, मझौवा, सलाहा बरियरवा, रायबारी महुअवा, चंद्रहा रूपावलिया, हरदी नदवा आदि पंचायत को शामिल किया जाना था। परसौनी में प्रखंड मुख्यालय के निर्माण हो जाने से इन पंचायत की दूरी प्रखंड मुख्यालय से 20 से 30 किलोमीटर कम हो जाएगी। बता दें कि 10 पंचायत के लगभग 50 से 60 हजार लोगों को नए प्रखंड से फायदा मिलेगा।

# तीन गांजा तस्करों को अर्थदण्ड के साथ सजा

चाणक्य भूमि। बेतिया




विशेष न्यायाधीश आनंद विश्वास ने अलग अलग मामलों मे गांजे के तीन तस्करों को सजा सुनाई। पहला मामला वाल्मीकि नगर का है जहाँ गांजे के साथ पकड़े गये नेपाली तस्कर शाहिद मियां को तीन महीने के कठोर कारावास के साथ ही बारह हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

शाहिद को एक वर्ष पुर्व एक किलोग्राम गांजे के साथ वाल्मीकि नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं तीन साल पुर्व पुरुषोत्तमपुर निवासी रिंकू कुमार को चार सौ ग्राम को पकड़ा गया था। इस मामले मे भी न्यायाधीश महोदय ने रिंकू कुमार को दो महीने की कठोर सजा के साथ के साथ ही पाँच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

तस्करी के तीसरे मामले में बेतिया नगर के बस स्टैंड निवासी गोल्डन मियां को चार हजार अर्थदण्ड का आदेश दिया। पुलिस ने गोल्डन मियां को दो सौ ग्राम गांजे के साथ मई 2021 को गिरफ्तार किया था।

# ऑनलाइन क्रीम के चक्कर में 82 हजार का लगा चूना

चाणक्य भूमि | पटना

पटना में कंचन झा को गूगल से कुरियर डिलीवरी बॉय का नंबर निकालना महंगा पड़ गया। महिला ने साइट से ऑनलाइन फेस पैक मंगाया था। सामान समय पर नहीं पहुंचा। महिला ने साइट से डिलीवरी बॉय का नंबर निकाला। महिला ने डिलीवरी बॉय को कॉल करके लेट का कारण पूछा। सामने से एड्रेस अपडेट करने को कहा गया। महिला को एक लिंक भेज कर कहा गया कि यूपीआई से एक रुपए डाल कर एड्रेस अपडेट कर दीजिए। 24 घंटे में सामान आपके दिए गए एड्रेस पर पहुंच जाएगा। इसके बाद महिला के खाते से 82000 रुपए कट गए। महिला ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है।

**साइबर थाने में लिखित आवेदनः** पटना के चितकोहरा की रहने वाली कंचन झा (पति नरेंद्र झा) से साइबर अपराधियों ने 82000 रुपए का फ्रॉड किया है। कंचन ने साइबर थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि एक साइट से ऑर्डर कर फेस पैक मंगाया था। सामान को 17 फरवरी तक आ जाना था। जब डिलीवरी नही आया तो कंचन ने 19 फरवरी को गूगल से इस साइट के डिलीवरी बॉय का नंबर निकाला और मोबाइल नंबर 9123882769 पर कॉल किया।

**एड्रेस भी अपडेट कराया गयाः** दूसरी तरफ से कहा गया कि आपका एड्रेस को अपडेट करना पड़ेगा। आपने जो एड्रेस लिखाया है उसके पिन कोड में कुछ गड़बड़ी है। आपको एक लिंक भेजा जा रहा है उस लिंक पर अपना एड्रेस डाल कर एक रुपए का यूपीआई पेमेंट कर के स्क्रीन शॉट ले कर मुझे भेज दीजिए। 24 घंटे में समान आप तक पहुंच जाएगा। जैसे ही कंचन ने ऐसा किया अगले ही मिनट उनके खाते से दो बार में 82000 रुपया कटने का मैसेज आया।

# नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फसांकर बनाया शारीरिक संबंध

## लड़की की मां के प्राथमिकी पर मझौलिया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण के कोटवा का रहनेवाला है युवक**

चाणक्य भूमि(कनकलता) | बेतिया

बेतिया। बुधबार को पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करनेवाले युवक दीपक कुमार को अहवर शेख से गिरफ्तार कर बेतिया जेल भेजा।यह कार्रवाई नाबालिग लड़की की माँ उषा देवी की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के आलोक में की गयी है।जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गावं में रहनेवाली किशोरी की माता उषा देवी द्वारा दर्ज एफआईआर में पूर्वी चंपारण जिला के कोटवा निवासी नारद महतो के पुत्र दीपक कुमार पर भादवि की धारा 376/420और पॉक्सो एक्ट के तहत कांड अंकित किया गया है।पुलिस ने आरोपित युवक दीपक कुमार कोअहवर शेख के एक गावं से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा।उल्लेखनीय है कि मोबाइल पर रील बनाने के चक्कर मे किशोरी दीपक के प्रभाव में आयी।दोनो स्वजातीय है।साथ मिलकर दोनो रील बनाते थे।इस दौरान युवक दीपक ने किशोरी को प्रेमजाल में फसाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। मंगलवार की देर रात वह किशोरी से मिलने आया था ,जहां किशोरी की माता की शिकायत पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714